हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 सितंबर 2025

04 गरबा महोत्सव में तीन दिन तक गरबा कर की देवी की...



07 वेतन के लिए सीएमएचओ दफ्तर के चक्कर काट...






## खबर संक्षेप

### दिव्यांगता चिन्हांकन व सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में भी सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत सीहोर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला स्तरीय दिव्यांगता चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ भोपाल सांसद आलोक शर्मा एवं विधायक सुदेश राय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने डीडीआरसी द्वारा चिन्हित 22 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरित किए। कार्यक्रम में एलिम्को उज्जैन के विशेषज्ञों द्वारा 28 दिव्यांगजनों को चिन्हांकित किया गया है जिन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

### दूसरे चरण में 26 लाख विद्यार्थियों के किए जाएंगे आधार अपडेट

**सीहोर।** प्रदेश में 26 लाख विद्यार्थी अब तक अपने आधार में आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट नहीं करा पाए हैं। अपडेट विद्यार्थियों के 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर अनिवार्य होता है। आधार में नवीनतम बायोमेट्रिक दर्ज होने के बाद ही विद्यालय प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को सहज रूप से मिल सकेगा। विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईएडीएआई) और स्कूल शिक्षा विभाग ने 18 अगस्त 2025 को 'विद्यार्थी के लिए ₹आधार, अब विद्यालय के द्वार₹ अभियान प्रारंभ किया था। अभियान के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में आधार नामांकन एवं अपडेट शिविर लगाए गए थे। अब प्रदेश के सभी जिलों में एक अक्टूबर से इस अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया जा रहा है।

### 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के स्थानीय स्वदेशी उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जा रहे है। यह सेवा पखवाड़ा अभियान 02 अक्टूबर तक चलेगा।



# करोली माता मंदिर से इलाही माता मंदिर तक निकली 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा



**सीहोर।** शनिवार को हिंद रक्षक युवा समिति ने 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली। यह यात्रा नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यात्रा करोली वाली माता मंदिर गंज से प्रारंभ हुई। यह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए इलाही माता हनुमान फाटक कस्बा पहुंची, जहां महाआरती और प्रसादी वितरण के साथ इसका समापन हुआ। यह चुनरी यात्रा हिंद रक्षक युवा समिति द्वारा पिछले 13 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि यह यात्रा क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आयोजित की जाती है और अब यह सीहोर शहर की पहचान बन गई है।

**मातृ शक्ति और अन्य क्षेत्रवासी शामिल हुए :** यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति के संरक्षक और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने करोली वाली माता मंदिर में महिलाओं की एक बैठक ली थी। उन्होंने विभिन्न संगठनों और महिलाओं से इसमें शामिल होने की अपील की थी। इस यात्रा में शहर के कथावाचक, मातृ शक्ति और अन्य क्षेत्रवासी शामिल हुए। नपाध्यक्ष राठौर ने सभी क्षेत्रवासियों से निकाली जाने वाली 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होकर धर्म का लाभ लेने की अपील की थी।

### कार्रवाई नहीं होने से भ्रष्टाचार करने वालों व लापरवाही से काम करने वालों को मिल रही शह

# चरम पर भ्रष्टाचार, कार्रवाई को लेकर जिम्मेदार दिख रहे लाचार !

### भ्रष्टाचार, लापरवाही के कई मामले उजागर, लेकिन जिला प्रशासन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने नहीं की कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में भ्रष्टाचार एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही किस कदर जारी है उसके लिए ये तीन उदाहरण पर्याप्त हैं। भ्रष्टाचार, लापरवाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी सीहोर जिले में कलेक्टर सहित अन्य जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने को लेकर लाचार बने हुए हैं। दरअसल सीहोर जिले में इस समय भ्रष्टाचार चरम पर है। हर कोई सिर्फ कमाई ही कमाई की तरफ नजर किए हुए हैं। यही कारण है कि जमीनी कार्यों पर किसी का भी ध्यान नहीं है।

#### इससे पहले कभी नहीं दिखी ऐसी स्थितियां

सीहोर जिला हमेशा से सरकार की प्राथमिकताओं में रहा है। दरअसल केंद्रीय कृषि मंत्री एवं 17 वर्षों से अधिक समय तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला होने के कारण सीहोर हमेशा से प्राथमिकता वाला जिला रहा। यहां पर तैनात अधिकारियों में भी खौफ रहता था और वे जिम्मेदारी से कार्य करते थे, लेकिन इस समय सीहोर जिले में ऐसी स्थितियां बनी हुई हैं, जो इससे पहले यहां पर कभी नहीं रही।

चाहे प्रदेश सरकार की योजनाएं हो, केंद्र सरकार की योजनाएं हों या फिर अन्य शासकीय कार्य बेहद संजीदगी एवं जिम्मेदारियों के साथ उन्हें किया जाता रहा है। वर्तमान की स्थितियां इससे एकदम अलग हैं। सीहोर जिला जहां योजनाओं को जमीन पर उतारने में फिसड्डी साबित हो रहा है तो वहीं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निपटारे में भी लगातार रैंक गिर रही है। यदि भ्रष्टाचार करने वाले जिलों की रैंक जारी की जाए तो निश्चित रूप से सीहोर जिला अव्वल आएगा। फिलहाल तो यहां पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की दरकार है।




#### अफसरों के नंबर भी नॉट रिचेबल

अधिकारियों तक जनता की शिकायतें सीधे पहुंचे, अधिकारी और आमजनों के बीच सूचनाओं का आंदान-प्रदान हो, इसके लिए सरकार द्वारा सीयूजी नंबर भी सभी जिला कलेक्टर, कमिश्नरों को दिए गए हैं, जिन पर कोई भी व्यक्ति कार्यालय समय में बात कर सकें, लेकिन स्थिति यह है कि जो सरकारी सीयूजी नंबर अधिकारियों के पास है वह हमेशा नॉट रिचेबल ही बताता है। सीहोर जिला कलेक्टर का शासकीय सीयूजी नंबर 7587977500 भी नॉट रिचेबल ही आता है। इसी तरह एमपीइनफो की साइड पर कमिश्नर-कलेक्टर के जो नंबर हैं वे भी सभी बंद बताए जा रहे हैं, लेकिन इन्हें अब तक अपडेट भी नहीं किया जा सका है। लोग इन नंबरों पर फोन लगाते हैं तो बात ही नहीं हो पाती है।

#### कलेक्टर को कार्रवाई करना चाहिए



निश्चित रूप से भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के मामलों पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए और इन पर कार्रवाई करना चाहिए। पिछले दिनों मेरे संज्ञान में भी जिला पंजीयक कार्यालय का एक मामला आया था, जिसमें मैंने वहां पहुंचकर स्थितियां देखीं एवं निर्देश भी दिए थे कि आगे से ऐसी स्थितियां नहीं बननी चाहिए। यह गंभीर मामले हैं और इन पर जिला प्रशासन, कलेक्टर को कार्रवाई करनी चाहिए।

**आलोक शर्मा**, भोपाल-सीहोर

**केस-1:** जिला पंजीयक कार्यालय में जिला पंजीयक अधिकारी प्रेमनंदन सिंह के ड्राईवर रवि सोलंकी कार्यालय में बैठकर जिला अधिकारी की आईडी खोलकर काम कर रहे हैं। वे लगातार यहां पर बैठकर कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं तो वहीं कई वेंडरों पर पैसे देने का दबाव भी बना रहे हैं। इसकी शिकायत भी कलेक्टर बालागुरू के. तक पहुंची है। सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय ने भी मामले में संज्ञान लिया, लेकिन इसके बाद भी ड्राईवर रवि सोलंकी को नहीं हटाया जा सका एवं न ही कोई कार्रवाई की गई। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा मामले में खंडन भी जारी किया गया।

**केस-2:** एक अन्य मामला कृषि विभाग से जुड़ा है, जिसमें जिला कृषि आदान विक्रेता संघ सीहोर ने कृषि विभाग के उप संचालक अशोक उपाध्याय पर पैसे लेने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के कृषि मंत्री, कृषि उत्पादन आयुक्त, संभागीय कमिश्नर, जिला कलेक्टर तक की है। शिकायत में कहा गया है कि उप संचालक कृषि अशोक उपाध्याय लगातार विक्रय केंद्रों पर पहुंचकर दबिश दे रहे हैं एवं जांच के नाम पर नीति विरूद्ध कार्रवाई कर रहे हैं और 50 हजार से एक लाख रूपए तक की मांग भी कर रहे हैं। इस मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**केस-3:** एक गंभीर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार का मामला मध्यान्ह भोजन से जुड़ा हुआ है। पीएम पोषण योजनान्तर्गत शा.प्रा. शाला हीरापुर में मध्यान्ह भोजन की अनियमितता से संबंधित शिकायत ग्राम पंचायत अहमतनगर सरपंच द्वारा की गई थी। शिकायत के बाद जांच दल गठित करके जांच कराई गई, जिसमें कई अनियमितताएं भी सामने आईं। अब यहां पर सख्त कार्रवाई की दरकार है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## कैलाश विजयवर्गीय की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कांग्रेस का कड़ा विरोध



**सीहोर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा सीहोर जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता अपराजिता पाण्डे के मुख्य आतिथ्य में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर अपराजिता पाण्डे ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर, जब पूरा देश माँ दुर्गा की अराधनना में लीन है, वहीं माँ जो नारी शक्ति की प्रतीक है, शक्ति और सम्मान की देवी है, ऐसे में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा श्री राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी पर दिया गया शर्मनाक बयान न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि बहन-भाई के पवित्र रिश्ते को भी कलंकित करने वाला घोर पाप है। महिलाओं पर की गई विवादित और अवाध्य टिप्पणियाँ न केवल अपमानजनक हैं, बल्कि समाज की गरिमा को भी ठेस पहुँचाती हैं।

कैलाश विजयवर्गीय ने पूर्व में भी बयान दिया कि उन्हें कम कपड़े पहनने वाली अथवा पहनने वाली महिलाएँ पसंद नहीं। इतना ही नहीं, वे बार-बार पश्चिमी पहनावे की आलोचना करते हुए भारतीय संस्कृति की आड़ में महिलाओं की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी पर सवाल खड़े करते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि देश की हर बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी कटिबद्ध है। हम माँ दुर्गा की शक्ति से भाजपा सरकार की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ निरंतर संघर्ष करेंगे और तब तक चुप नहीं बैठेंगे, जब तक महिलाओं को न्याय और सुरक्षा नहीं मिलती। बहन-भाई का पवित्र रिश्ता हमारी संस्कृति की रक्षा करेगा, और हम इसे कलंकित करने वालों को बख्शेंगे नहीं। हर भाई-बहन अपनी मर्यादा जानता है। मंत्री जी को महिलाओं को संस्कार सिखाने की जरूरत नहीं है। भाजपा मंत्री के अनरगल बयान मध्यप्रदेश की अस्मिता और नवरात्रि की पवित्रता पर हमला है।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, घनश्याम यादव, नरेन्द्र खंगराले, एस.कुमार राठौर, संतोष सिंह बैस, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, सुमित नर्रे, अनिल सेन, गजराज परमार, जतिन परमार, ओम सोनी आदि उपस्थित रहे।

### 8 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 150 से अधिक विधायकों ने की प्रशंसा

# 55 जिलों में मनरेगा उपयंत्रियों ने सौंपा ज्ञापन परिवार सहित विकास भवन घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश के मनरेगा उपयंत्री अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से लगातार आंदोलनरत हैं। उपयंत्रियों का कहना है कि वे अब तक शांतिपूर्ण और शांतिप्रिय तरीके से शासन-प्रशासन से गुहार लगाते रहे, किंतु आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

मुख्य मांगों में वेतन विसंगति दूर करना, अनुकम्पा नियुक्ति, निलंबन प्रक्रिया में सुधार, ग्रेच्युटी का प्रावधान समय पर वेतन मिलना तथा सहायक यंत्री का प्रभार देना शामिल है। प्रदेश सरकार ने जुलाई 2023 में संविदा कर्मचारियों के लिए नीति लागू करने की घोषणा की थी, जिसे अधिकांश विभागों ने लागू भी कर दिया है। लेकिन ग्रामीण विकास विभाग अब तक इस नीति को लागू नहीं कर पाया है। मनरेगा अभियंता संघ के प्रांत अध्यक्ष सतीश समेले द्वारा बताया गया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने विभाग को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने उन निर्देशों को भी नजरअंदाज कर दिया, जिससे उपयंत्रियों में गहरी नाराजगी है। आज प्रदेश के 55 जिलों में उपयंत्रियों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा, जो मुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, एसीएस पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा जिला कलेक्टरों को संबोधित था। इस ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 5 दिनों के भीतर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो सभी उपयंत्री अपने परिवारजनों और रिश्तेदारों सहित भोपाल स्थित विकास भवन का घेराव करेंगे।

इंजीनियर की 8 सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रदेशभर के 150 अधिक विधायक एवं 12 से अधिक मंत्रियों ने समर्थन में अनुशंसा की है तथा विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिल चुका है। वहीं, उपयंत्रियों की हड़ताल के चलते पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्य ठप हो गए हैं। मनरेगा योजनाओं का संचालन बाधित होने से ग्रामीण मजदूर पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं और गांवों में विकास कार्य पूरी तरह चरमरा गए हैं।

मनरेगा उपयंत्रियों ने साफ कहा है कि यदि सरकार और विभाग ने अब भी लापरवाही दिखाई, तो उनका आंदोलन पूरी तरह उग्र स्वरूप लेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी ।

## मंडी व्यापारी एसोसिएशन चुनावः दो धुरंधरों की टक्कर में जितेंद्र राठौर ने मारी बाजी, द ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के बने नए अध्यक्ष



**सीहोर।** कृषि उपज मंडी में चल रही चुनावी सरगर्मियों का अंत हो गया है और मंडी का चुनाव दिलचस्प मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। द ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष के चुनाव में दो पुराने और कद्दावर व्यापारी जितेंद्र राठौर और उमेश यादव के बीच सीधी टक्कर हुई, जिसमें जितेंद्र राठौर ने शानदार जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया है।ग्रैंन मर्चेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ व्यापारी जयंत शाह ने बताया कि कुल 144 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतगणना के बाद परिणाम चौंकाने वाले रहे। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जितेंद्र राठौर को 85 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी उमेश यादव को 59 वोट प्राप्त हुए। जितेंद्र राठौर ने उमेश यादव को 26 वोटों के अंतर से हराकर विजय हासिल की। आपसी सहमति न बनने पर हुई वोटिंगयह चुनाव इसलिए भी खास रहा क्योंकि पिछली बार पुनीत राठौर निर्विरोध चुने गए थे, लेकिन इस बार आपसी सहमति नहीं बन पाई और मंडी के 148 सक्रिय सदस्यों को अपना नया अध्यक्ष चुनने के लिए मतदान का सहारा लेना पड़ा। वर्तमान अध्यक्ष पुनीत राठौर ने बताया था कि एसोशिएसन का सक्रिय सदस्य ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकता है। बता दें चुनाव मैदान में उतरे जितेंद्र राठौर पहले भी अध्यक्ष रह चुके हैं और 6 साल पहले उन्होंने भैयालाल राठौर को हराकर जीत हासिल की थी। अब एक बार फिर से जितेंद्र यादव चुनाव जीतकर एसोसिएशन के अध्यक्ष बन गए हैं।

## खबर संक्षेप



### डॉ.भविष्य राठौर राजभाषा पुरस्कार से हुए सम्मानित

**सीहोर।** हिंदी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर सीहोर जिले के संभागीय मेडिकल ऑफिसर रेलवे मंडल भोपाल में पदस्थ डॉ.भविष्य राठौर को राजभाषा पुरस्कार से मंडल रेल प्रबंधक महोदय भोपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके मित्र मंडली एवं परिवार के लोगों ने बधाइयां दी।

### योजनाओं का लाभ हमारी जागरूकता से संभव : प्राचार्य



**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित माय (मेरा युवा) भारत सीहोर द्वारा हिताय सोशल चेंजमेकर्स वेलफेयर सोसायटी, सीहोर के सहयोग से शहर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न योजनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत तुलसी का पौधा भेंट कर किया गया। माय भारत सीहोर की जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं माय भारत पोर्टल पर युवाओं के पंजीयन तथा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलोग में सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि जिला आयुष्मान अधिकारी डॉ. क्षमा बर्वे द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ, आवश्यक प्रक्रियाएं एवं विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग उपचार कैसे प्राप्त कर सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही आयुष्मान सखी व्हाट्सएप चैटबोट नंबर का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सी. जी. धबू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शासकीय योजनों का लाभ जन - जन तक पहुंचने में आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### अंतिम दिवस 300 प्रतिभागियों ने लिया भाग, किया गरबा-डांडिया नृत्य

# गरबा महोत्सव में तीन दिन तक गरबा कर की देवी की आराधना

मातृशक्ति, युवतियों में खासा उत्साह दिखा। कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, छोटी बच्ची युवतियों सहित सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा




नगर के स्वर्ग मंगलम पैलेस में आयोजित पूर्ण अभ्युदय गरबा महोत्सव का भव्य समापन हुआ। गरबा महोत्सव के अंतिम दिन बड़ी संख्या में मातृशक्तिया छोटी बच्ची युवतियों,शामिल होकर माता के भजनों पर डांडिया नृत्य व गरबा किया गया। इससे पहले शामिल मातृशक्ति अतिथियों ने जगत जननी मां अम्बे की आरती उतरकर, फ़ोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर शामिल हुए सभी अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया। गरबा महोत्सव में अंतिम दिवस गरबा महोत्सव में शामिल हुई नगर के महिलाओं एवं छोटी बच्ची, युवतियों में जमकर उत्साह दिखा। डंडियों के साथ गरबा किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने भी गरबा महोत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु प्रसाद शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल सभी मातृशक्तियो सहित अतिथियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा वर्ष में एक बार नवरात्रि का उत्सव आता है। ये हमारे लिए शक्ति का पूज्य है। हम सब के अन्दर जो शक्ति मिलती हैं, जिसकी शक्ति से अखण्ड ब्राह्मण चल रहा है वह शक्ति जगत जननी मां दुर्गा की है। हमारे अन्दर शक्ति न हो तो हमारा जीवन अधूरा है। इसी शक्ति की आराधना नवरात्रि के रूप में करते हैं। इस अवसर पर एसडीएम सुधीर कुशवाह गरबा महोत्सव में शामिल हुए एसडीएम ने इस दौरान उनका स्वागत किया गया। इस अवसार पर उन्होंने सभी उपस्थित लोगों ,मातृशक्तियो ,प्रतिभागियों ओर मंच पर उपस्थित वरिष्ठ नगरिकों नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

मातृशक्ति, युवतियों में खासा उत्साह दिखा,300 प्रतिभागियों ने लेकर डांडिया नृत्य पर गरबा किया। कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में मातृशक्तिया छोटी बच्ची युवतियों सहित 300, प्रतिभागियों ने भाग लिया। और गरबे की धुन पर डंडियां नृत्य करते वो गरबा उत्सव मनाया। जिसमें छोटी बच्ची युवतियों में जमकर उत्साह दिखाई दिया। वहीं कहां से आए कलाकारों ने अपने कलाकृति का प्रदर्शन किया। भगवान महादेव ,माता पार्वती के रूप धारण कर नृत्य गीत प्रस्तुत किया गया। तो वहीं कलाकारों ने मां कालिका का रूप धारण कर जमकर नृत्य किया गया। इस दौरान शामिल अतिथियों और मातृशक्तियो ने तालियों की घरघराहट से कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर रितु महेन्द्र परिहार द्वारा सभी गरबा महोत्सव के विजेताओं को उन्हें मेंडल शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं सफ़ल कार्यक्रम आयोजन की सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया।



## नगर में विराजित मां जगदंबा



**सीहोर।** डॉक्टर आंबेडकर नगर मूर्ति गंज सीहोर में 15 साल से विराजमान की जा रही मां की प्रतिमा। अध्यक्ष अंकित मंगरोलिया



**सीहोर।** जगदीश मंदिर चौराहा सीहोर में 15 साल से विराजमान की जा रही मां की प्रतिमा। अध्यक्ष सेलू राठौर।



**सीहोर।** नमक चौराहा पर नवज्योति समिति में 65 साल से विराजमान की जा रही मां की प्रतिमा। अध्यक्ष हिमांशु सोनी।



**सीहोर।** छावनी दुर्गा उत्सव समिति सीहोर में 40 साल से विराजमान की जा रही मां की प्रतिमा। अध्यक्ष शिवम राठौड़।



**सीहोर।** जगदीश जय झूलेलाल दुर्गा उत्सव समिति सिंधी कॉलोनी में 30 साल से विराजमान की जा रही मां की प्रतिमा। अध्यक्ष भूपेंद्र आहूजा।

## तहसीलदार अमित सिंह ने निशुल्क क्लासेस में पढ़ाया अर्थशास्त्र



**सीहोर।** तहसीलदार अमित सिंह ने यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निशुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र छात्राओं को शिक्षक बन रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल लाइब्रेरी में संचालित एमपीएससी एवं यूपीएससी निशुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र-छात्राओं को अर्थशास्त्र पढ़ाया। इस दौरान आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के संयुक्त संचालक राम लखन मीणा और सोनू प्रकाश प्रजापति, सहायक संचालक नेहा महेश्वरी, शिक्षिका नीतू लोधी, कविता मंडावरिया, शिक्षक हितिश दुबे तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। तहसीलदार अमित सिंह ने उपस्थित छात्राओं को साम्यवादी, पूंजीवादी और समाजवादी अर्थव्यवस्था में अंतर को स्पष्ट किया और इन अर्थव्यवस्थाओं के फायदे व नुकसान पर भी चर्चा की। साथ ही पूंजी और बचत में अंतर को भी स्पष्ट किया। क्लास के दौरान छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए औपचारिक और अनौपचारिक अर्थव्यवस्थाओं को भी स्पष्ट किया और यह भी बताया कि अनौपचारिक अर्थव्यवस्था से आर्थिक असमानता बढ़ती है आर्थिक असमानता बढ़ने से अपराधों में बढ़ोतरी होती है जिससे आर्थिक विकास की समृद्धि रुक जाती है। इस निःशुल्क कोचिंग क्लासेस को संचालित करने में सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति का महत्वपूर्ण योगदान है। उल्लेखनीय है कि सीहोर प्रशासन और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही है।

## नई साइकिल पाकर खिल उठे छात्र छात्राओं के चेहरे, छात्र छात्राओं को की साइकिल वितरण



**भैरूंदा।** शनिवार को शासकीय हाय सेकंडरी स्कूल निमोटा में कक्षा 6वि के छात्र, छात्राओं को साइकिल वितरण की। इस दौरान नई साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। जो बच्चे दूर दूर से पैदल चल स्कूल पहुंचते थे अब वे समय से पहले स्कूल पहुंचेंगे। उन्हें अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल निमोटा के प्राचार्य सीएल बाकरिया ग्राम पंचायत सरपंच वीरेन्द्र सिंह राजपूत सरपंच एवं समस्त स्टाफ, सुरेश कुमार बाकरिया, विजय सिंह मालवीय, राजेश गौड़,,उमा साहू ,जितेन्द्र पवार, रामानंद जाधव अजय पवार, शुभम पठारी समस्त स्टाफ द्वारा स्कूल निमोटा में कक्षा 6वीं के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण की गई।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण किया गया



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 23 सितम्बर 2025 को सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत मान्यनीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन माल्यार्पण के साथ महाविद्यालय की राजकुमारी वर्मा द्वारा माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीहोर विधायक श्री सुदेश राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को देखें और इससे देश व समाज के लिए जीने की प्रेरणा लें अरै मेहनत व लगन से अपना कर्तव्य कर एक सशक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें, तभी एक विकसित सीहोर, विकसित मध्य प्रदेश एवं विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी। कार्यक्रम में भाजपा सीहोर जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. फरजाना रिजवी सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ के साथ ही भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश परमार ने किया।

### सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण




**बुधनी।**सांदीपनि विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने करंजी खेड़ा में बीज एवं बीज उपचारण इकाई का भ्रमण किया। भ्रमण कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा में कृषि ट्रेड के विद्यार्थी शामिल रहे छात्र-छात्राओं ने बीज के उपचारण, पौधरोपण के अंतर्गत पौधे की कई किस्म की प्रजातियों को तैयार करना,जरूरी खाद,इन हाउस,पॉली हाउस मिस्ट चेंबर,माइक्रो स्प्रिंकलर,फोगर सिस्टम तथा पौधे और कृषि संबंधित कार्यों की जानकारी रोपणी में भ्रमण के दौरान वन विभाग के प्रतीक सक्सेना एवं उनकी टीम ने उपलब्ध करवाई इस मौके पर संस्था प्राचार्य सुधा सालोमन,उप्राचार्य सुरेंद्र सिंह जमालिया, व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी प्रभात शर्मा, कृषि ट्रेड प्रभारी, जितेंद्र चौरे आदि उपस्थित रहे।

### गंज दशहरा महोत्सव, धूमधाम से मनाया जाएगा



**सीहोर।** इस वर्ष भी गंज दशहरा महोत्सव रंगारंग आतिशबाजी के साथ मनाया जा रहा है समिति अध्यक्ष बंटी राठौर द्वारा इस वर्ष कार्यक्रम अध्यक्ष अंकुर उपाध्याय को बनाए जाने पर हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नवीन कार्यकारिणी में पराग कौशल महेंद्र विश्वकर्मा सम्मी राठौर देवेंद्र विश्वकर्मा चेतन राठौर दीपक मेवाड़ा विजय विश्वकर्मा अनील बैरागी आदि शामिल है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष बंटी राठौर ने बताया कि अध्यक्ष श्री उपाध्याय का स्वागत सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम की बारात आगामी 2 अक्टूबर को राधेश्याम मंदिर ग्वालटोली से राम बारात दशहरा मैदान जाएगी। इस मौके पर जोरदार आतिशबाजी के साथ अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व आस्था के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की।

### खगोलीय घटना की दी बच्चों को जानकारी, आज रात और दिन होंगे बराबर

# आज न दिन बड़ा और न रात छोटी : सारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा



नवरात्रि की रविवार की रात्रि और दिवस मे मुकाबला बराबरी पर होने जा रहा है । सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक जितनी देर घड़ी का कांटा आगे चलेगा लगभग उतना ही समय सूर्यास्त से अगले सूर्योदय तक का रहने जा रहा है । इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि साल में सिर्फ दो बार होने वाली यह घटना खगोलविज्ञान में इक्वीलक्स कहलाती हे और इसका संबध पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके हुये सूर्य की परिक्रमा करते रहने से है। सारिका ने कहा कि अनेक सालों से सोशलमीडिया में 23 सितम्बर को दिन और रात पूरी तरह बराबर होने के बारे में प्रचारित किया जाता है जो कि सही तथ्य नहीं है । 23 सितम्बर की घटना में सूर्य भूमध्यरेखा के ठीक उपर पहुंचता है और इस दिन सूर्य ठीक पूर्व से उदित होता है ,इसे इक्वीनॉक्स कहा जाता है । उस दिन मध्यप्रदेश के नगरों में दिन और रात की अवधि में लगभग 400 से अधिक सेकंड का अंतर रहता है , इतने बड़े अंतर को बराबर कैसे मान सकते हैं ।

भोपाल में सूर्योदय प्रात : 6 बजकर 11 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 10 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 40 सेकंड होगी दिन-रात में सिर्फ 20 सेकंड का अंतर होगा ।

नर्मदापुरम में सूर्योदय प्रात : 6 बजकर 9 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 9 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 49 सेकंड होगी। दिन और रात में सिर्फ 11 सेकंड का अंतर होगा ।

उज्जैन में सूर्योदय प्रात : 6 बजकर 17 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 17 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 41 सेकंड होगी। दिन और रात में सिर्फ 19 सेकंड का अंतर होगा ।

बड़वानी में सूर्योदय प्रात : 6 बजकर 20 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 20 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 12 घंटे 01 सेकंड होगी । दिन और रात में सिर्फ 01 सेकंड का अंतर होगा ।

रायसेन में सूर्योदय प्रात : 6 बजकर 9 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 9 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 39 सेकंड होगी। दिन और रात में सिर्फ 21 सेकंड का अंतर होगा ।

दमोह में सूर्योदय प्रात- 6 बजकर 01 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 01 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 20 सेकंड होगी। दिन और रात में सिर्फ 40 सेकंड का अंतर होगा ।

सागर में सूर्योदय प्रात- 6 बजकर 05 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 05 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 30 सेकंड होगी । दिन और रात में सिर्फ 30 सेकंड का अंतर होगा ।

सीहोर में सूर्योदय प्रात- 6 बजकर 12 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 11 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 11 घंटे 59 मिनिट और 41 सेकंड होगी। दिन -रात में सिर्फ 19 सेकंड का अंतर होगा ।

बैतूल में सूर्योदय प्रात- 6 बजकर 08 मिनिट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 08 मिनिट पर होगा । दिन की अवधि 12 घंटे और 04 सेकंड होगी । दिन और रात में सिर्फ 04 सेकंड का अंतर होगा ।

छिंदवाड़ा में सूर्योदय प्रात : 6 बजकर 4 मिनट पर होकर सूर्यास्त शाम 6 बजकर 4 मिनिट पर होगा ।

# भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा हुए चुनरी यात्रा में शामिल



**सीहोर।** वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा नगर में निकाली गई भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए एवं यात्रा का स्वागत-सत्कार भी किया। श्री अरोरा करौली माता मंदिर से ही चुनरी यात्रा में शामिल रहे। इधर श्री अरोरा ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के जन्मदिन के अवसर पर भोपाल स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दी एवं उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की। इस दौरान अरोरा मित्रमंडल के सदस्य एवं समर्थक भी मौजूद रहे। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि इस समय शारदीय नवरात्रि चल रही है। नवरात्रि के अवसर पर सीहोर के युवा नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान करौली माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना में शामिल हुआ एवं चुनरी लेकर यात्रा में साथ भी चला। उन्होंने कहा कि प्रिंस राठौर द्वारा निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। हर तरफ मातारानी के जयकारों से शहर गूंज उठा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों का होना बेहद जरूरी भी है।

### विभाग ने न प्राण नंबर जारी किए न एम्प्लॉय कोड, अन्य प्रक्रियाएं भी अधर में

# वेतन के लिए सीएमएचओ दफ्तर के चक्कर काट रहीं नवनियुक्त एएनएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वर्ष 2023 में एएनएम (बहुउद्धेशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) के पदों हेतु हुई सीधी भर्ती के तहत परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। इस परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयनित 27 एएनएम को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा जुलाई माह में नियुक्ति पत्र तो प्रदान कर दिए लेकिन इन सभी एएनएम के एम्प्लॉय कोड, प्राण नंबर सहित अन्य विभागीय प्रक्रियाएं सीएमएचओ कार्यालय से आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। उक्त प्रक्रियाओं के आगे न बढ़ने के चलते इन सभी एएनएम को बीते 2 माह से वेतन भी नहीं मिल पाया है। त्यौहारों के समय वेतन न मिलने से सभी महिला कर्मचारियों को खासी आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिवस सीएमएचओ दफ्तर में इस संबंध में पत्र प्रेषित करने सहित बार-बार ऑफिस के चक्कर काटने के बाद भी विभाग के जिम्मेदार एएनएम की परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। गत 22 सितंबर को इन कर्मचारियों ने वेतन सहित अपनी अन्य परेशानियों से संबंधित पत्र सीएमएचओ कार्यालय में प्रस्तुत किया इसके बाद भी किसी के द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है कि आखिर वेतन सहित अन्य विभागीय प्रक्रियाएं कब तक आगे बढ़ पाएंगी।

### 14 जुलाई को सीएमएचओ दफ्तर से जारी हुआ नियुक्ति पत्र

करीब सवा दो माह पहले 14 जुलाई 2025 को सीएमएचओ कार्यालय द्वारा मेरिट से चयनित अभ्यर्थियों के समस्त आवश्यक दस्तावेजों आदि के सत्यापन उपरान्त परीक्षण कमेटी के प्रतिवेदन पर 27 महिला कर्मचारियों को जिले के विभिन्न उप-स्वास्थ्य केद्रों में ज्वाइनिंग देने संबंधी पत्र जारी किया गया था। पत्र जारी होने के उपरान्त सभी महिला कर्मचारियों ने अपने-अपने पदस्थापना स्थलों पर पहुंचकर ज्वाइनिंग भी दे दी लेकिन उन्हें उनका वेतन अभी तक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही कर्मचारियों की सर्विस बुक, प्राण नंबर, एम्प्लॉय कोड इत्यादि की प्रक्रियाएं अधर में लटकी हुई हैं। इस कारण एएनएम को वेतन नहीं मिल पा रहा है। कुछ एएनएम ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय में जब उन्होंने लिपिकों व अन्य से पूछताछ की तो किसी के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

### परेशानियों से जूझ रही ये 27 एएनएम

नियुक्ति उपरान्त ज्वाईनिंग के बाद भी विभागीय प्रक्रियाओं के पूर्ण न होने से वेतन के लिए परेशान हो रही इन 27 एएनएम में रामसरिता दांगी, भावना विश्वकर्मा, सुधेश्ना तिवारी, आशा कुमारी, सीमा तोमर, सुशीला फूलसिंह, संगीता राठौर, रामसरिता दांगी, पूजा बेसले, जसोदा वर्मा, संगीता राय, हेमलता दांगी, रेश्मा सुल्तान, आशा परिहार, आकांक्षा दुबे, अरास बी, रमा यादव, सुनीता गुलबाकेसीमा उरमालिया, मीना पटेल, संध्या ढोंगरे, ललिता सोनी, अंकिता गुप्ता, अर्चना मिश्रा, जेतून निशा, रोशनी चोरसे एवं तृप्ति द्विवेदी शामिल हैं।

### इनका कहना है...

मैं पता करती हूं कि नवनियुक्त एएनएम का वेतन व विभागीय प्रक्रियाएं कहां अटकी हुई हैं। जल्द उनका निराकरण करवाती हूं।

डॉ. शोभा पटेल
सीएमएचओ, राजगढ़

### पूर्व में भी पुलिस ने की है इस पर कार्रवाई

## एलपीजी गैस की अवैध रिफिलिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-माचलपुर

आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। समीपगांव गोघटपुर में संजय पिता रतनलाल राठौर आटा चक्की की आड़ में अवैध गैस रिफलिंग का कार्य का रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूजा परिहार मौके पर पहुंचीं तो संजय राठौर को गैस रिफलिंग करते हुए पाया। जब उससे वैध दस्तावेज मांगे तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने एचपी कम्पनी के 9 खाली सिलेंडर व 2 भरे सिलेंडर व एक नियो कम्पनी की विद्युत मोटर कुल कीमत 29 हजार 500 की जप्ती की है। पुलिस ने संजय राठौर पर 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पहले भी हो चुकी है इसी मामले में कार्रवाई

सूत्रों की माने तो पहले भी संजय राठौर पर अवैध गैस रिफिलिंग करने के मामले का दोषी माना गया है और पुलिस ने कार्रवाई की है। ऐसे आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर हुआ भक्ति मय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के चहुंओर एवं प्रत्येक धार्मिक स्थल पर लाईट डेकोरेशन एवं आकर्षक साज सज्जा नवदुर्गा मूर्ति स्थापना एवं गरबा डांडिया नृत्य परिसर में भव्य पांडाल सजाकर नन्हे नन्हे बच्चों सहित बालक बालिकाएं गरबा नृत्य प्रस्तुत कर रहे वही श्रद्धालु भक्त मां दुर्गा भवानी की उपासना साधना में लगे हैं। पूरा नगर दुर्गा माता के भजनों से सरोबार होकर वातावरण को भक्ति में बना रखा है। एवं शिव चौक में भगवान राम की लीलाओं का मंचन चल रहा है जो देर रात्रि तक श्रद्धालु भक्ति रस में लीन रहते हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर नगर के पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें व्यवस्थाओं को सुचारू अंजाम देने के निर्णय लिए गए थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन आयोजित



सारंगपुर। नवरात्रि समापन की और बढ़ रहे हैं और कन्या पूजन के साथ इस पवित्र पर्व का समापन हो जाएगा। बिना कन्या पूजन के नवरात्रि की पूजा अर्चना पूरी नहीं होती है। नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन करना अत्यंत लाभकारी एवं फलदाई माना गया है। सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में नवरात्रि के पावन पर्व के कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, ओम प्रकाश राठी,व्यवस्थापक अशोक साहू, अनिल बारकिया, दिलीप परमार, सुशील व्यास, बद्रीलाल बामनिया, राधेश्याम मेवाड़ा, रामबाबू नारोलिया आदि अतिथियों ने विद्यालय की छोटी-छोटी कन्याओं के पैरों का पूजन कर उन्हे खीर खिलाकर उपहार भेंट किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों ने आकर्षक गरबा नृत्य किए। अंत में माताजी की आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। कार्यक्रम में सभी कन्याओं के साथ समस्त विद्यालय के भैया बहनों, समिति परिवार और विद्यालय परिवार का सह भोज आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने कन्या पूजन का महत्व बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य दीदियों का सहयोग रहा।

### एनएच-52 पर खिलचीपुर की गाड़गंगा नदी के समीप तड़के हुआ हादसा

# डिवाइडर से टकराई कार, अहमदाबाद जा रहे चार लोग हुए गंभीर घायल

राजगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर शुक्रवार तड़के खिलचीपुर के नजदीक हुए सड़क हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले प्राथमिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया जहां से बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार मूलतः गुजरात के अहमदाबाद निवासी 4 लोग अपने काम से भिलवाड़ा राजस्थान गए हुए थे। जब ये सभी कार से वापस अहमदाबाद लौट रहे थे तभी खिलचीपुर की गाड़गंगा नदी पार करने के उपरान्त इनकी कार असंतुलित होकर सीधे डिवाईडर से जा टकराई। दुर्घटना में कार में सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सभी घायलों को पहले सिविल अस्पताल खिलचीपुर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



### हादसे में ये लोग हुए घायल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल हुए लोगों में इम्तियाज पिता युनुस वोरा उम्र 40 वर्ष, सिद्धार्थ पिता हरीश कुमार उम्र 30 वर्ष, समीर पिता विसूभा दर्बा उम्र 40 वर्ष एवं एजाज पिता आरिफ उम्र 30 वर्ष सर्व निवासी अहदाबाद शामिल हैं। पुलिस द्वारा घायलों के परिजनों को हादसे की सूचना देने के बाद वे अहदाबाद से राजगढ़ के लिए रवाना हो गए।

## खुजनेर में नवरात्रि पर्व पर अलग-अलग स्वरूप में सजे मां दुर्गा के पंडाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नवरात्रि उत्सव मां की आराधना का पर्व हिन्दू संस्कृति में बड़े धूमधाम हर्षोंल्लास के साथ मनाया जाता है। छोटे बच्चे बड़े बुजुर्ग द्वारा अलग अलग मोहल्लों में मां दुर्गा का पंडाल सजाते आकर्षक रंगीन लाईट डेकोरेशन करते हैं माता मंदिरों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। वहीं नगर के शीतला माता मंदिर छत्रपति माता मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा की गई महाआरती का आयोजन होता है वहीं राजगढ़ रोड पर मां चामुंडेश्वरी ग्रुप द्वारा मां दुर्गा का बड़ा पंडाल सजाया गया व छोटी बालिकाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाती है। कुलवाड़ मोहल्ला में भव्य गरबा उत्सव आयोजित किया जा रहा कुलमीपुरा मोहल्ला में पंचमुखी हनुमान नवदुर्गा उत्सव समिति व मां भवानी मित्र मंडल द्वारा मां दुर्गा का झांकी पंडाल सजाया गया है। दशहरा मैदान पर श्री राम मित्र मंडल सहित नगर के विभिन्न मोहल्लों में मां दुर्गा की झांकी पंडाल सजाए गए हैं।

### तीन दिवसीय आयोजन में 500 से अधिक मातृ शक्तियां ले रहीं भाग

## तीन दिवसीय 'समर्पण गरबा उत्सव' का भव्यता के साथ आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शारदेय नवरात्रि में लगातार दूसरे वर्ष नजरबाग हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय राजमहल परिसर में तीन दिवसीय 'समर्पण गरबा उत्सव' की गुरुवार रात से शुरूआत हुई। भव्यतम आयोजन के प्रथम दिवस क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव सहित अतिथियों व अन्य प्रबुद्धजनों द्वारा सर्वप्रथम मां जालपा माता की पूजा-अर्चना व आरती करते हुए गरबे का शुभारंभ करवाया गया।

जालपा माता की आरती उपरान्त कईं दिनों से गरबे का अभ्यास कर रहीं महिलाओं, युवतियों एवं बालिकाओं द्वारा दी गई गरबे की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग इस भव्य आयोजन को देखने पहुंचे। रात्रि करीब 11 बजे तक चले इस आयोजन के बीच 'लव-जिहाज' जागरुकता से जुड़ी एक लघु नाटिका का प्रस्तुतिकरण भी कलाकारों द्वारा दिया गया। इसके साथ ही बाहर से बुलवाए गए कलाकारों द्वारा भी गरबे की सुंदर प्रस्तुति आयोजन के दौरान दी जा रही है।

### चाक-चौबंद हैं सभी व्यवस्थाएं

इस भव्यतम आयोजन में आने वाले दर्शकों, मातृ-शक्तियों के लिए आयोजन समिति सहित पुलिस, प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात इत्यादि को लेकर चाक-चैबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा के लिहाज से यहां कई सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी रखी जा रही है। 25 सितंबर से आरंभ हुआ गरबा महोत्सव 27 सितंबर तक चलेगा।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंत्री ने रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश



सारंगपुर। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शासकीय अस्पताल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने स्वयं रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर में नगर के युवाओं, नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 50 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी नियमित रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है और समाज में मानवीय संवेदना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चौहान,जनपद अध्यक्ष देव नागर आदि उपस्थित रहे।

### 1371 लाख रुपए के संचित लाभ में है बैंक

## सीसीबी की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का लेखा-जोखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक (सीसीबी) की 74वीं वार्षिक साधारण सभा कलेक्टर व प्रशासक डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में बैंक के प्रधान कार्यालय राजमहल में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान बैंक सीईओ पीएस बारोटिया द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण प्रस्तुत किया गया।

वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा 107506 किसानों को 45103.94 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया है जिससे बैंक को 180.49 लाख रूपये का लाभ हुआ तथा बैंक 1371.43 लाख रूपये के संचित लाभ में है। बैठक के दौरान बताया गया कि रबी वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु बैंक से सम्बद्ध (पैक्स) संस्थाओ द्वारा 79603 किसानों का पंजीयन किया गया। साथ ही 133953 किसानों से कुल 1046.03 करोड रूपये की खरीदी की गई। इन्ही में से लिंकिंग के माध्यम से 26537 किसानों से 93.01 करोड़ रूपये की वसूली प्राप्त की गई। भारत शासन की पैक्स कम्प्यूटराईजशन योजना अन्तर्गत जिले की समस्त 140 पैक्स का गो-लाईव किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अन्तर्गत 1324 सदस्यों में से 06 सदस्यों एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अन्तर्गत 10009 सदस्यों में से 2 सदस्यों के उत्तराधिकारियों को कुल 16 लाख रूपये का बीमा क्लेम प्रदाय किया गया। वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा राशि 28.24 करोड़ रूपये की अमानतों में वृद्धि की गई।

### अमानत खातों में वृद्धि करने के दिए निर्देश

इस अवसर पर बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सभी सदस्य समितियों से चर्चा की गई। उन्होंने समितियों में नवीन सदस्य बनाने एवं शाखाओं में अमानत खातों में वृद्धि करने एवं वसूली लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।

### अंजनीलाल धाम पर गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया

## आत्मविश्वास और लय-ताल के साथ प्रस्तुति देकर बच्चों ने किया प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चों की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गए। मंच से जब महज पांच, छह वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे। श्री अंजनीलाल धाम पर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में करीब 35 से अधिक बच्चों ने उक्त प्रतियोगिता में गुरूवार रात तक अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कई बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था।

प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जिस प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया वह अपने आप में सभी को आकर्षित किया। प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार राजेन्द्र सिंह राठौड़, संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में पदस्थ शिक्षिका दीपिका चौरसिया राजगढ़, गायक कलाकार सपना शिवहरे ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती एवं भगवान श्री अंजनीलाल की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढ़ने का अवसर जरूर दें। दीपिका चौरसिया ने कहा संगीत कला को केरियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है। अगर समय पर हम बच्चों को ऐसा माहौल प्रदान करेंगे तो बच्चें भविष्य में अपना और परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। सभी अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की।

अतिथियों का स्वागत मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से इंजी. गिरराज कसेरा, राजेश शिवहरे, नीरज मंगल, दिलीप बजाज, रमेश चन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनमानस और प्रतिभागियों के पालक आदि मौजूद थे। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायांकाल सात बजे प्रदान किया जाएगा।

## ग्रामीण अजीविका मिशन के सहयोग से कोमल बनी आत्मनिर्भर, परिवार को मिली आर्थिक मजबूती

शुजालपुर। जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत डाबरी की निवासी कोमल पति प्रहलाद सिंह ने मप्र राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के सहयोग से अपने जीवन और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। आज वे कृषि कार्य, पशुपालन, सिलाई, पीडीएस दुकान संचालन तथा बैंक सखी के रूप में कार्य करते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं।

समूह से जुड़ने से पहले की स्थिति के बारे में कोमल बताती हैं कि उस समय उनके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और परिवार की मासिक आय लगभग पांच हज़ार थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वे पशुपालन कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रही थीं। ग्रामीण अजीविका मिशन की ब्लॉक टीम के मार्गदर्शन से वे जय वैष्णव मां आजीविका समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने ग्राम संगठन से 50 हज़ार का ऋण प्राप्त कर पशुपालन कार्य शुरू किया। इसके साथ ही समूह के माध्यम से बैंक से सीसीएल लोन अंतर्गत 20 हज़ार का ऋण लेकर पति को भी पशुपालन कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप पति ने मजदूरी छोड़कर पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन का कार्य आरंभ किया। कोमल के समूह को मिशन द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आवंटन भी प्राप्त हुआ, जिसका संचालन वे स्वयं कर रही हैं। वर्तमान में उनके परिवार की मासिक आय 15 से 20 हज़ार तक पहुंच चुकी है। मिशन के सहयोग से कोमल को बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया गया, जिसके बाद वे बैंक ऑफ इंडिया शाखा जामनेर में बैंक सखी के रूप में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं। समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बदलाव भी आए हैं।



### धरनावदा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में फरार आरोपी किया गिरफ्तार

गुना। जिले के धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे और उनकी टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में नशा तस्करों से स्मैक का खरीददार फरार आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई 2025 को धरनावदा थाना पुलिस द्वारा स्मैक तस्कर रामू केवट एवं दशरथ केवट निवासीगण ग्राम फतूखेडी थाना विजयपुर जिला गुना को 12.29 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया था। तत्समय आरोपियों ने पूछताछ पर उक्त स्मैक ग्राम शेखपुर निवासी इस्तियाक खान को बेचने के लिए जाना बताए जाने पर पुलिस ने प्रकरण में इस्तियाक खान को भी आरोपी शुमार कर एनडीपीएस एक्ट इजाफा की गई थी।

खबर संक्षेप

## धर्म पुरुषार्थ ही हमें सही गति प्राप्त करा सकता है: मुनिश्री प्रवर सागर



**आष्टा।** चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम में विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने कहा जितने भी अरिहंत हुए हैं, वे सब धर्म पुरुषार्थ से ही हुए हैं। धर्म पुरुषार्थ जिन जीवो को समझ में आता है उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आने लगता है। लेकिन जिनको काम और अर्थ दो पुरुषार्थ समझ में आते है ,उन्हें धर्म पुरुषार्थ समझ में नहीं आता है। आचार्य वर कह रहे है वे जीव रत्नत्रय की महिमा को नहीं समझ सकते, संयम की महिमा को नहीं समझ सकते और न ही दर्शन विशुद्धि की भावना को समझ सकते है। मुनिश्री ने कहा सामान्य जीव भी दर्शन विशुद्धि भावना से जिनेंद्र भगवान के पादमूल में तीर्थंकर प्रकृति का बंध कर सकता है। बार-बार चिंतन करना जो हम पुरुषार्थ कर रहे है। वह तीर्थंकर प्रकृति के लिए कर रहे है या अधोगति का कर रहे है।पाप प्रवृत्ति चल रही है। जैसे ही तीर्थंकरों को केवलज्ञान होता है, यथाख्यात वृक्ष हो,पूर्व में बोए हुए बीज सब फलित होने लगते हैं। मुनिश्री ने कहा दो प्रकार के फल होते है। एक इंद्रिय विषयों का फल होता है और दूसरा अतीन्द्रिय विषयों का फल होता है।

### गणेश मार्केट मार्ग पर बिजली का खंभा हुआ क्षतिग्रस्त, दे रहा हादसों को आमंत्रण

# नागरिकों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को बताई समस्या, लेकिन नहीं दे रहे ध्यान

### क्षतिग्रस्त बिजली का खंबा नीचे झुका, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


नगर के राम मंदिर के पास गणेश मार्केट में पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक क्षतिग्रस्त खंभा कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने विद्युत वितरण कंपनी में शिकायत भी दर्ज कर दी लेकिन 15 दिन बाद भी खंबा नहीं बदला जा रहा है। बता दें की आष्टा में और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई जर्जर और क्षतिग्रस्त खंभे हो रहे हैं। कई जगह खंभे झुके हुए भी हैं लेकिन विद्युत वितरण कंपनी ने अभी तक खंभों को ठीक नहीं कराया है।

### बैंक और प्रमुख बाजार भी हैं यही

आष्टा शहर का गणेश मार्केट अति व्यस्ततम मार्केट में से एक है यहां पर सराफा बाजार के साथ-साथ पंजाब नेशनल बैंक भी है और यह खंबा पंजाब नेशनल बैंक के सामने ही लगा हुआ है जहां बैंक में लोगों का आना-जाना लगा रहता है तो वहीं बुधवारा और बड़ा बाजार जाने का भी यहां प्रमुख मार्ग है उसके बाद भी विद्युत विभाग के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया, शायद हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

### 15 दिन पहले बताया, लेकिन नहीं बदला

गणेश मार्केट के रहवासी आनंदीलाल सोनी, आशीष सोनी ने बताया कि विद्युत विभाग को 15 दिन पहले ही इस क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के बारे में बता दिया था। बारिश में वर्षों पुराना होने कारण नीचे से पूरा सड़ गया है इस कारण या नीचे झुक गया है और कभी भी गिर सकता है। सूचना के बाद भी विद्युत विभाग के कोई कर्मचारी नहीं आए यहां तक की घरों, दुकानों में लगे मीटर भी नीचे लटक गए।






### जानकारी मिली है बदल देंगे

जानकारी मिली है कि गणेश मार्केट में खंबा झुका हुआ क्षतिग्रस्त है, उसे कल ही बदल दिया जाएगा।

**कलन चक्रे,** सहायक यांत्रिक

# सांदीपनि विद्यालय के छात्र पृथ्वीराज ठाकुर ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्कूल शिक्षा विभाग के शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत आवासीय संस्थान सीहोर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी पृथ्वीराजसिंह ठाकुर पिता अकेसिंह ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। खेल शिक्षक अकबर सिद्दीकी ने बताया कि कक्षा ग्यारहवीं में अध्यनरत विद्यार्थी जो की हरनावदा में कक्षा सातवीं में अध्यनरत थे। आपकी प्रतिभा को देखते हुए आपका प्रवेश तत्कालीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मध्यमिक खंड में कराया गया।पश्चात सी एम-राइज और वर्तमान में सांदीपनि विद्यालय से आपको अंडर-14, अंडर-17, और वर्तमान में अंडर -19 आयु वर्ग के 61 कि ग्राम वजन में फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता हेतु तैयारी कराई गई थी। इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अयोजित आल इंडिया कुश्ती फेडरेशन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है। यह पहला अवसर है कि जावर तहसील तथा विद्यालय से हमारी लगन तथा मेहनत से किसी विद्यार्थी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है विद्यालय में शिक्षक तथा विद्यार्थीयो गर्मजोशी के साथ पृथ्वीराज का स्वागत किया है इस अवसर महेंद्रसिंह इंजीनियर, नितिन कुमार कौशल प्राचार्य, अजय कुमार मिश्रा उप प्राचार्य, पवन राठौड़, दरियावसिंह मालवीय, मुनेंद्र सिंह तोमर, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, कमलेश खत्री, विक्रमसिंह, कृपालसिंह ठाकुर, मानसिंह, मोरसिंह ठाकुर, लाखनसिंह ठाकुर, यशवंतसिंह डोडी, प्रदीप सिंह ने भी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# कर्मयोगी जनकल्याण केंद्र में हुआ कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शारदीय नवरात्रि की पंचमी को कर्मयोगी जनकल्याण केंद्र पर कन्या पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन से हुआ, जिसमें नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उन्हें पूजित किया गया तथा उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, कविता पाठ, लोक नृत्य एवं बांसुरी वादन जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई, जिनमें स्थानीय कलाकारों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी।

कवि कविराज संदीप द्विवेदी ने अपनी ओजपूर्ण कविता पाठ से श्रोताओं को भाव-विभोर किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा, हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है। इसे संजोकर रखना हम सबका दायित्व है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गंगाराम पंवार केंद्र अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली संस्कृति को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम संयोजक बापूलाल पांडेय ने आयोजन की सफलता हेतु सभी सहयोगी संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भागीरथ सिंगरौले, डॉ. राघवेन्द्र खेड़ले, अनिल मालवीय, सुरेश सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। इस आयोजन में मां हिंगलाज सेवा समिति, कर्मयोगी, कर्मभूमि, एडवांसमेंट फॉर इनिशिएटिव सोसायटी एवं अभ्युदय रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। समापन पर प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की गरिमा और श्रद्धा ने सभी उपस्थितों को एक स्मरणीय अनुभव प्रदान किया।




# सरस्वती शिशु मंदिर जावर में शारदीय नवरात्रि पर देवी पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर जावर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर देवीय पूजन का कार्यक्रम समिति के सदस्य विजेंद्र सिंह ठाकुर, कैलाश सोलंकी, सुदीप सिंह ठाकुर एवं लखन श्री वादी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया विजेंद्र सिंह ठाकुर, सागर सिंह ठाकुर ,त्रिलोक सिंह ठाकुर ने किया सभी देवी स्वरूपों नो बहनों का चरण धोकर पूजन अर्चन एवं चुनरी चढ़ाकर आरती की पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन मैं मां की महिमा का वर्णन करते हुए मां महिषासुर मर्दिनी माता जावर का इतिहास बताया। साथ ही पतिव्रता माता अनुसूया के चरित्र का वर्णन करते हुए भगवान को भी बाल स्वरूप बना दिया। इस प्रकार मां की शक्ति और साधना का पर्व बताते हुए कहा कि राम ने भी शक्ति की साधना व दसवे दिन रावण का वध किया। जिसे हम दशहरा पर्व मानते हैं। अतिथियों का परिचय आचार्य सोभाल सिंह ठाकुर ने करवाया कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र शर्मा ने किया अंत में आभार प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी ने किया।




## लसूडलिया विजयसिंह की सरपंच बनीं कोमल बाई



**खाचरोद।** ग्राम पंचायत लसुडलिया विजयसिंह में सरपंच अयोध्या बाई नानकपुर का निधन हो गया था। जिसके कारण सरपंच की सीट खाली हो गई थी। निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार पंचायत के सभी पंच सदस्यों द्वारा सर्व सहमति जताकर निर्विरोध सरपंच कोमलबाई सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी को नियुक्त किया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व सरपंच को श्रद्धांजलि अर्पित कर पंचायत के नागरिकों ने नवनियुक्त सरपंच को बधाई दी। सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी ने ग्राम पंचायत लसूडिया विजय सिंह नानकपुर मे रुके कार्यों को शीघ्र करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपसरपंच जितेंद्र धनगर, पच भारत सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, दिनेश विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, जीवन सिंह सोलंकी, पहलाद सिंह, मिश्रीलाल ठेकेदार, राधेश्याम, मोती सिंह, हुकम कुशवाहा, सोदान कुशवाहा, राधेश्याम, लक्ष्मी नारायण आदि ने बधाई दी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में हुआ निशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जावर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें सत्यसांई मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा अस्पताल में आये हुए मरीजों का उपचार किया गया जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग चिकित्सक, महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें 352 मरीजों का स्वस्थ्य परिक्षण कर उपचार किया गया,उक्त कैंप में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित माथुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दीपराज बागरी के नेतृत्व में आयोजित किया। उक्त कैम्प में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के समस्त स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जन शिक्षा केन्द्र जावर में हुआ शैक्षिक संवाद

**जावर।** जन शिक्षा केन्द्र कन्या शाला जावर में शैक्षिक संवाद रखा गया। जिसमें जन शिक्षा केन्द्र जावर के 6 से 8 व 3 से 4 तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षक को प्रशिक्षण दिया गया। सहज करता रीना पाटीदार, रवि शर्मा ने बहुत ही रोचक तरीके से समझाया। गजराज सिंह बागवान, राजेंद्र सिंह ठाकुर, गोपाल ठाकुर ने विभिन्न जानकारियां दी।



# मार्टिनेट स्कूल में पेरेंटर्स-टीचर मीटिंग में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मनाया सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विद्यार्थियों में मानवीय गुण विकसित हो, सेवा तथा करूणा की भावना का विकास हो। इसी उद्देश्य को लेकर वर्तमान में गतिमान सेवा पखवाड़े के दौरान मार्टिनेट हायर सेकेण्डरी स्कूल, अलीपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अरस्तु डेन्टल क्लिनिक के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर एवं डॉ प्रिया जैन तथा उनकी टीम नें अपनी सेवायें प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 100 से अधिक बच्चो को डेन्टल चेकअप किया गया साथ ही उनके साथ पेरेंटस - टीचर मीटिंग में आये अभिभावको एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के डेन्टल चेकअप के साथ ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच के साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

नोशे खान के संचालन में संचालित मार्टिनेट विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी अकेडमिक इंचार्ज अतुल जैन सुराणा एवं शिखा तिवारी द्वारा सर्वप्रथम डॉ. ठाकुर एवं उनकी टीम का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र के साथ स्वागत-अभिनंदन करते हुये स्वास्थ्य शिविर को प्रारंभ किया गया तत्पश्चात डॉ. ठाकुर की टीम में शामिल राजकुमार ठाकुर, रोहित धनगर, खुशी जैन द्वारा उपस्थित सभी जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जो लगातार तीन घंटे तक जारी रहा।

मार्टिनेट विद्यालय के इस सराहनीय कदम की पीटीएम में आयें हुये सभी अभिभावको नें मुक्त कंठ से प्रशंसा की और इसे सभी के लिये एक प्रेरणादायी कदम बताया। पेरेन्ट्स -टीचर्स मीटिंग कक्षा 9 से 12 तक आयोजित थी जिसे अशोक महेश्वरी, पंकज ठाकुर, जीडी बैरागी, सुल्ताना अली, हेमंत पांडे, अंश अडगले, राजेश बड़ोदिया, चिराग सोनी द्वारा सम्पन्न कराया गया। मीटिंग में त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया जिसमें प्रत्येक कक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा 9 से वेदिका प्रजापति, असुप्रिया, अंजली मीना कक्षा 10 से सानिया मंसूरी, दिव्या परमार, ईशा मेवाड़ा कक्षा 11 से देवेन्द्र मेवाड़ा, परी भाटी, नीलम मालवीय, राधिका वर्मा एवं कक्षा 12 से खदीजा कुलसुम, नियति तिवारी, निधि सांवरिया एवं नाजरीन मंसूरी को कक्षा में अव्वल रहने पर पुरस्कार प्रदान किया गया।



### प्रसिद्ध भजन गायक पंडित सुधीर व्यास का आष्टा नगर में हुआ आगमन

# ईश्वरीय कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं: पंडित सुधीर व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं धाम सरकार बापचाधाम के पंडित सुधीर व्यास अपनी धर्मपत्नि मंजू व्यास के साथ विगत दिवस आष्टा आए। जहां उनके नगर आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। पंडित व्यास का नाम भक्ति संगीत की दुनिया में विशेष रूप से तब चर्चित हुआ जब उनका प्रसिद्ध भजन ये चमक ये दमकं लोगों की जुबान पर चढ़ गया। उनके नगर आगमन पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार एवं उनके मित्रमंडल ने पंडित व्यास का उनके निज कार्यालय पर भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया तथा भक्ति क्षैत्र में उनके प्रसिद्व भजन की सराहना की।

पंडित व्यास अपने भजनो की प्रस्तुति श्री हरिहर आश्रम जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज के हरिद्वार आश्रम में भी दे चुके हैं। पंडित व्यास ने अपने सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि ईश्वरीय कृपा के बिना कुछ भी संभव नही हैं। व्यक्ति यदि अपने सद्प्रयास एवं ईश्वरीय भक्ति के प्रति निष्ठावान रहकर अपने कर्म करता हैं तो उसे सफलता निश्चित रूप से मिलती हैं, उनका भजन ''ये चमक ये दमक फूलवन मा महक, सब कुछ सरकार तुम्हई से हैं'' ईश्वरीय एवं गुरू कृपा से ही प्रसिद्वी की ओर पहुंचा। उन्होंने खुटालियाधाम बापचा के पूज्य धाम सरकार मोहन सिंह जी बाबा साहब की अतुलनीय कृपा को याद करते हुए आष्टा क्षैत्र को एक अति धार्मिक एवं विकसित क्षैत्र बताया। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने पंडित सुधीर व्यास के विराट व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति में विनम्रता हैं तो समाज उसे अच्छी पहचान देता हैं। पंडित सुधीर व्यास में विनम्रता तो हैं ही वही वे अपने भजन की प्रसिद्धी को ईश्वर एवं गुरू की ही मात्र कृपा मानते हैं, यह उनकी कृतज्ञता हैं। इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज मुनि सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष सुनिल प्रगति, पूर्व पार्षद राजेन्द्र जैन राजू, अधिवक्ता सुरेन्द्र परमार, वीरेन्द्र परमार, सीके जैन, पल्लव प्रगति, नरेन्द्र सिंह ठाकुर खडी, अनिल खंडेलवाल, रवि विश्वकर्मा, अनुराग मकरैया, महेश मेवाडा, महेश चिंरोजिया, अमित सेन आदि मौजूद थे।



# मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष बने शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सचिव छत्रपाल सिंह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बेताब सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अतुल उपाध्याय की अनुशंसा पर दिलीप शर्मा एडवोकेट पूर्व पार्षद को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। शर्मा ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार उत्पीड़न शोषण, आतंकवाद व मानवाधिकार जैसी जगन्य घटनाओं पर कड़ी नजर रखकर शासन प्रशासन को घटनाओं से अवगत कराते हुए पीड़ित की जनहित व न्याय हित में सहायता कर न्याय प्रदान करना है। नियुक्ति पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, वर्तमान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, विनीत मीना सिंगी, शोभाल सिंह ठाकुर, शोभाल सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, पार्षद भैया मियां,पूर्व पार्षद इदरीश मंसूरी, महेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, नर्मदा प्रसाद, दीपक जैन, कंचन व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रुपेश राठौर, मनीष सोनी, दिनेश ठाकुर, राजकुमार जैन, प्रवीण धारीवाल, संजय जैन, जयंत जोशी, प्रवीण बजाज आदि ने बधाई दी।